सुविचार

पहली और सबसे अच्छी जीत स्वयं को जीतना है।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

दैनिक भास्कर

राजस्थान

तापमान (डिग्री सेल्सियस)	न्यूनतम	अधिकतम	आज का अनुमान अधिकतम
दिल्ली	27.1	41.2	40.0
मुंबई	24.8	33.6	33.0
जयपुर	24.8	40.3	41.0

dainikbhaskar.com झुंझुनूं, रविवार, 26 जून, 2022 आषाढ़, कृष्ण पक्ष-13, 2079 12 राज्य | 61 संस्करण

शेखावाटी भास्कर

झुंझुनूं | रविवार, 26 जून, 2022 झुंझुनूं • चिड़ावा • पिलानी नवलगढ़ • सूरजगढ़ • उदयपुरवाटी dainikbhaskar.com

सामाजिक उद्देश्यों के लिए विकसित प्रौद्योगिकियों से संबंधित आई-कनेक्ट की मेजबानी करेगा सीरी

भारत सरकार के 'आई-कनेक्ट' इवेंट के अंतर्गत कुल 75 कार्यक्रमों का किया जा रहा है आयोजन

भास्कर न्यूज | पिलानी

आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत भारत सरकार के विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्रालय एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय द्वारा विभिन्न विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अर्जित उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए देशभर में 75 उद्योग संपर्क (आई'-कनेक्ट) कार्यक्रमों की श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन उद्योगों तक पहुंचने के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के डीएसआईआर/सीएसआईआर, डीबीटी और डीएसटी विभागों के प्रमुख क्रियाकलापों को एकीकृत करने का प्रयास है। प्रत्येक 'आई'-कनेक्ट इवेंट में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम शामिल होंगे जैसे कि मेगा उद्योग सम्मेलन, पूर्ण वार्ता, तकनीकी प्रदर्शनियां, बी-2-बी बैठकें, गोलमेज परिचर्चा के साथ-साथ ब्रेकआउट सत्र भी आयोजित किए जाएंगे जो व्यवसाय को बढ़ाने और बढ़ावा देने में सक्षम होंगे। यह संपूर्ण आई-कनेक्ट कार्यक्रम केंद्रीय विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। 12 मई से आरंभ हुआ यह आई-कनेक्ट कार्यक्रम 12 अगस्त 2022 तक चलेगा। एयरोस्पेस, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा इंस्ट्रूमेंटेशन एवं स्ट्रैटेजिक सेक्टर (ए ई आई एस एस) थीम के अंतर्गत सामरिक एवं सामाजिक उद्देश्यों के लिए विकसित प्रौद्योगिकियों से संबंधित कार्यक्रम की मेजबानी 28 जून को : सीएसआईआर-सीरी कर रहा है। सीएसआईआर-सीरी में ऑनलाइन आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. पी सी पंचारिया करेंगे तथा ए ई आई एस एस थीम निदेशक जितेंद्र जे जाधव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान एसएसपीएल-डीआरडीओ की निदेशक डॉ. सीमा विनायक द्वारा माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज फॉर डिफेंस एप्लीकेशंस विषय पर आमंत्रित व्याख्यान भी दिया जाएगा। संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. रवीन्द्र मुखिया और जयपुर केंद्र के प्रभारी वैज्ञानिक श्री साई कृष्णा वड्डादि इस कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर होंगे। संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क प्रभारी रमेश बौरा ने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्णतया निशुल्क है जिसमें उद्योग जगत के इच्छुक व्यक्ति वेबसाइटwww.iconnect7 5.com पर लॉग इन कर शामिल हो सकते हैं।